हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 113 लोगों के सिकलसेल, बीपी, शुगर की हुई जांच



14 बच्चों की पढ़ाई में निवेश करना सबसे लाभप्रद : मिश्रा



## खबर संक्षेप

### जलाराम मंदिर में आज वार्षिक महोत्सव

**धमतरी।** मठ मंदिर चौक स्थित श्री जलाराम बापा मंदिर ट्रस्ट द्वारा 31 मई को 23वां प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर में भगवान श्री गणेश, श्रीराम दरबार, श्री जलाराम बापा और राधा-कृष्ण की मूर्तियों को 23 वर्ष पूरे हो गए। सुबह 7.30 बजे नियमित आरती, 10 से 11.30 बजे हवन पूजन, दोपहर 12 बजे छप्पन भोग दर्शन एवं राजभोग आरती, दोपहर 12.30 से 3 बजे तक महाप्रसाद, शाम 5 से 6.30 बजे जलाराम सत्संग मंडली द्वारा भजन, शाम 7 बजे नियमित आरती होगी। ट्रस्ट के शरद लोहाना, अरूण मिराणी, अशोक मोदी, राजेन्द्र हरखाणी, गौरव लोहाना, राकेश लोहाना, मुकेश रायचुरा सहित समाजजन तैयारी में जुटे हुए हैं।

### एक जून को साइकिल रैली

**धमतरी।** जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर एक जून रविवार को सुबह साढ़े सात बजे से साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली स्थानीय गांधी चौक धमतरी से शुरू होकर गोलबाजार, घड़ी चौक, भगवती लॉज होते हुए देवश्री टॉकीज रोड, शिवचौक, सेंचुरी गार्डन से पुनः गांधी चौक में समाप्त होगी। यह जानकारी खेल अधिकारी ने दी है।

### पंचायत भृत्य संघ की बैठक 1 जून को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ ब्लाक धमतरी की बैठक 1 जून रविवार को सुबह 11 बजे रत्नाबांधा ग्राम पंचायत भवन में रखी गई है। इस दौरान ग्राम पंचायत भृत्य की मांग को लेकर शासन स्तर पर चल रही कार्रवाई पर चर्चा की जाएगी। धमतरी ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत भृत्य से उपस्थित होने की अपील ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सचिव पीताम्बर निर्मलकर, कोषाध्यक्ष तेजपाल साहू ने की है।

### अग्निवीर का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर 3 जून से

**धमतरी।** अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण स्थानीय नत्थूजी जगताप नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 3 जून से 12 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण हर दिन सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा गणित, सामान्य अध्ययन एवं रिजनिंग जैसे प्रमुख विषयों की तैयारी कराई जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि यह प्रयास युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए मार्गदर्शन देने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**धमतरी।** देश के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार 2025 के तहत 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। पोर्टल पर दो विकल्प दिए गए हैं। पहला विकल्प आवेदक बच्चा स्वयं फार्म भर सकता है और दूसरा कोई अन्य जैसे माता-पिता, अधिकारी, शिक्षक आदि भी बच्चों का नामांकन कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि इस पुरस्कार के लिए 5 साल से 18 साल तक की आयु के भारतीय नागरिक अथवा भारत में रहने वाले बच्चे पात्र होंगे।

## 50-50 सीट का गर्ल्स-ब्वायज छात्रावास हुआ अनुपयोगी, 6 साल पहले 1 करोड़ से अधिक की लागत से तैयार किया गया

# आजीविका मिशन का छात्रावास खंडहर में हो रहा तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आजीविका महाविद्यालय के आवासीय प्रशिक्षण पर लगा ग्रहण हटने का नाम नहीं ले रहा है। 6 साल पहले करोड़ों रूपये की लागत से बना 50-50 सीटर का दो छात्रावास अब भूत बंगला में तब्दील होने लगा है। छात्रावास की सुविधा नहीं होने से नगरी, मगरलोड, डुबान आदि दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से वंचित होना पड़ रहा है। हालत यही रही तो भविष्य में यह छात्रावास खंडहर में तब्दील हो जाएगा।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना में एक आजीविका महाविद्यालय में युवाओं को विभिन्न ट्रेड पर प्रशिक्षण दिया जाता है। कम्प्यूटर साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, डाटा एंट्री, सिलाई मशीन, नज जल मित्र सहित अनेक ट्रेड पर युवक-युवतियों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार का लाभ दिलाया जाता है। निःशुल्क प्रशिक्षण मिलने से शहर सहित आसपास के युवा बड़ी संख्या में प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे हैं लेकिन दूरस्थ क्षेत्र के युवा आजीविका महाविद्यालय से मिलने वाले प्रशिक्षण से वंचित हो रहे हैं।

कम्प्यूटर साफ्टवेयर का प्रशिक्षण ले रहे अधारी नवागांव की निधि गुप्ता, डोमेश्वरी ध्रुव, देमार निवासी लक्ष्मण ढीमर, पोटियाडीह की नम्रता साहू का कहना है कि वे कम्प्यूटर साफ्टवेयर का प्रशिक्षण ले रहे हैं। यहां प्रशिक्षण के लिए शहर तथा आसपास के गांवों से युवा आते हैं। उन्होंने बताया कि दूरस्थ क्षेत्र मगरलोड, नगरी, डुबान क्षेत्र के युवा लाइवलीहुड कॉलेज में कौशल प्रशिक्षण लेने से वंचित हैं। वजह घर से आने-जाने की समस्या है। खासकर युवतियों को इस योजना से वंचित होना पड़ रहा है। यहां 50-50 सीट का गर्ल्स एवं ब्वायज छात्रावास पिछले 6 साल से है। छात्रावास में बिजली, पानी की सुविधा तो है लेकिन इसका संचालन नहीं होने से छात्रावास खंडहर में बदलते जा रहा है। इससे शासन की महत्वाकांक्षी योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।



### बिस्तर, खाना और वार्डन की जरूरत

छात्रावास में बिजली, पानी की सुविधा है लेकिन इसके संचालन के लिए कमरों में बिस्तर, आलमारी, प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन व्यवस्था एवं सुरक्षा के लिए वार्डन की जरूरत है। खाली पड़े हॉस्टल का उपयोग नहीं होने से बिजली सामग्री, पानी पाइपलाइन खराब हो रही है। साफ-सफाई के अभाव में सर्प आदि जहरीले जीव जंतुओं का डेरा बन गया है।

### भवन के संचालन के लिए शुरू से फंड अभाव का रोना

छात्रावास तैयार होने के बाद से इसके संचालन के लिए फंड का अभाव होने का सिलसिला जारी है। लाइवलीहुड कॉलेज के परियोजना अधिकारी संदीप गोन्नाडे ने बताया कि रेसीडेन्सियल प्रशिक्षण से 3 माह का प्रशिक्षण डेढ़ से दो माह में हो जाएगा। अभी 4 घंटे का प्रशिक्षण होता है। छात्रावास होने पर 6 से 8 घंटे का प्रशिक्षण होगा। शासन से छात्रावास संचालन के लिए लगातार फंड की डिमांड की जा रही है लेकिन फंड के अभाव में छात्रावास का संचालन नहीं हो पा रहा है। फंड मिलने पर वार्डन भर्ती सहित अन्य सुविधा उपलब्ध होगी।

# केबल वायर की चोरी करते दो चोर रंगेहाथ पकड़ाए

- वार्डवासियों ने आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

दिनदहाड़े मोटरपम्प में लगे केबल वायर की चोरी कर रहे दो युवकों को वार्डवासियों ने पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं आरोपियों से चोरी हुए केबल वायर को जब्त किया गया है।

ग्रामीण अंचल के खेतों मे केबल वायर चोरी की घटना लगातार आ रही है। सक्रिय चोर गिरोह खेतों में स्थित मोटरपम्प में लगे केबल वायर को निशाना बना रहा है। केबल चोरी की घटनाओं से किसान परेशान हैं। घटना की संबंधित थानों में शिकायत भी की जा चुकी है। जिस पर पुलिस एक्शन लेते हुए केबल वायर चोरों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई भी कर चुकी है। इसके बाद भी केबल वायर चोरी की घटना रूकने का नाम नहीं ले रही है। केबल वायर चोर अब खेतों को छोड़ शहर में स्थित मोटरपम्प में लगे केबल वायर को टारगेट कर रहे हैं। शुक्रवार को दो युवकों को बठेना वार्ड में केबल वायर की चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया है। जिला जेल के पीछे बठेना वार्ड के एक घर में मोटरपम्प लगा हुआ है। शुक्रवार की सुबह दो युवक मोटरपम्प में लगे केबल वायर को निकालकर बोरी में भर रहे थे जिस पर मकान मालिक, वार्डवासियों की नजर पड़ गई। दिनदहाड़े केबल वायर की चोरी करते देख लोगों ने युवकों को दौड़ाकर पकड़ा और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी सांवत कुमार अभनपुर निवासी व कमल देवांगन रामपुर वार्ड हैं। आरोपी भागने की तैयारी में थे। उक्त केबल तांबे के तार को निकालकर बेचने से मिली राशि को बंटवारा किया जाना था। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।




# सीएम का धमतरी आना प्रस्तावित, पुरानी मंडी में चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में प्रदेश भर में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 31 मई अंतिम दिन है। अब तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धमतरी जिले के किसी भी स्थान पर नहीं पहुंचे हैं। संभावना है कि 31 मई को मुख्यमंत्री धमतरी आ सकते हैं। पुरानी कृषि उपज मंडी में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। सुबह 9 से दो बजे तक शिविर भी रखा गया है। दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री आ सकते हैं। प्रस्तावित स्थल का कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इंडोर स्टेडियम में हेलीपेड बनाया जा रहा है। सीएम अधिकारियों की बैठक भी ले सकते हैं।



### पूर्व उपसरपंच पर गबन का आरोप

**धमतरी।** ग्राम पंचायत सिवनीकला के पूर्व सरपंच ईश्वर साहू ने कहा कि गांव की नवीन प्राथमिक शाला के नाम पर तीन एकड़ कृषि भूमि है जिसकी रेग राशि सालाना 45 हजार मिलती है। गांव के पूर्व उपसरपंच तथा पूर्व शाला प्रबंधन अध्यक्ष ने प्रधानपाठक को धोखे में रखकर 88200 रूपये खेत बनाने के नाम पर लिया जबकि खेत बनाने जैसा कोई काम नहीं है। इस मामले में जांच कर पूर्व उपसरपंच से वसूली की मांग और कार्रवाई कलेक्टर से की गई है।

# निगम टीम ने पागल गाय को पकड़ा, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हटकेशर वार्ड में आतंक मचाने वाली पागल गाय को निगम की काऊ कैचर टीम ने भारी मशक्कत के बाद रस्सी व जाली के सहारे पकड़ा है। अब इसका इलाज पशु चिकित्सक से कराया जा रहा है। विदित हो कि पगाल गाय ने दर्जनों लोगों को दौड़ाकर सींग से चोटिल कर चुका है। जानकारी मिलने पर निगम टीम के निक्कू यादव, बंशी दीप, कुश नायक, गोविंद पात्रे, अनिल चौरे, दीपक खिलाड़ी, करण महार आदि ने घेराबंदी कर रस्सी और जाली से पकड़कर नगर निगम के पास स्थित वर्कशाप में लाया जहां उसका इलाज जारी है। वार्डवासियों ने बताया कि गाय को कुछ दिन पहले एक पागल कुत्ते ने काटा था। उसके बाद गाय की हालत पागलों जैसी हो गई और लोगों को मारने लगी।



# जिले के तीन वनग्राम बनेंगे राजस्व गांव

- सर्वे पूरा, राजस्व अभिलेख तैयार, प्रारंभिक प्रकाशन भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के तीन वनग्रामों को राजस्व गांवों का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता की ओर है। जिले की मगरलोड तहसील के 3 वनग्रामों को राजस्व ग्रामों का दर्जा देने सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही इन गांवों के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिए गये हैं। इन गांवों में मगरलोड तहसील के ग्राम मूलगांव, बोदलबाहरा और सोनारिनदैहान गांव शामिल है। इन तीनों गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायतों में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध हैं। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा-आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# बाइक की ठोकर से बुजुर्ग महिला घायल

- जिला अस्पताल में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नेशनल हाईवे में पैदल जा रही 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार बाइक सवारों ने ठोकर मार दी। हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय कोष्टापारा निवासी समारी पटेल उम्र 80 वर्ष शुक्रवार की सुबह किसी काम से पैदल सिहावा चौक की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने बुजुर्ग महिला को ए टू जेड महासेल के सामने जोरदार ठोकर मार दी। बाइक की ठोकर से वृद्धा सड़क पर दूर जा गिरी। घटना के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया। घटना में बुजुर्ग महिला के मुंह में चोट लगी है। वहीं उसका एक पैर भी फ्रेक्चर हो गया। घायल बुजुर्ग महिला सड़क पर पड़ी हुई थी। इसी दौरान अपने गांव से दुकान आ रहे मुकेश सिन्हा ने घायल बुजुर्ग महिला को देख तत्काल रक्तदान सेवा संस्था को घटना की सूचना दी। जानकारी होते ही संस्था के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ तुरंत घटनास्थल पहुंचे और घायल बुजुर्ग महिला को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल बुजुर्ग महिला को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। गंभीर हालत को देखते हुए घायल वृद्धा को आक्सीजन पर रखा गया है।



# पीएम जनमन : तेजी से आकार ले रहा बाजार कुर्रीडीह का बालक छात्रावास



- 50 कमार विद्यार्थियों को मिलेगी शिक्षा की आवासीय सुविधा

**धमतरी।** नगरी विकासखण्ड के बाजारकुर्रीडीह शासकीय हाईस्कूल का बालक छात्रावास तेजी से तैयार हो रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत इसकी स्वीकृति दी गई है। लगभग एक करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से बनने वाले इस बालक छात्रावास में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग के 50 विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने के लिए आवासीय सुविधा मिलेगी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस निर्माणाधीन छात्रावास के काम का सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विमल साहू और हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता रविन्द्र छाबड़ा ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ईई एम.ए. नरेटी के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने फाउंडेशन तक पहुंच गए हॉस्टल के काम में तेजी लाने के निर्देश कार्यकारी संस्था को दिए। उन्होंने ठेकेदार को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर निर्माण काम को तेजी से करने कहा। अधिकारियों ने ठेकेदार को चेताया कि हॉस्टल का काम निर्धारित समय अवधि में इस वर्ष दिसम्बर माह तक पूरा हो जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए पूरे देश में पीएम जनमन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में धमतरी जिले में कमार जनजाति बाहुल्य नगरी, मगरलोड विकासखण्डों में सड़क, बिजली, पानी, आवास के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के लिए भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## लोगों के स्वास्थ्य और जीवन शैली पर पड़ेगा बुरा प्रभाव

# सघन आबादी क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

साल्हेवारपारा के सघन आबादी क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने के विरोध में वार्डवासियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

सदर उत्तर वार्ड के निवासी राजा पटेल, दद्दू पटेल, कासिम खान, वाहब अली, विक्की खान, बली पटेल, प्रभा पटेल, मुन्नी पटेल, रेवती, शांति पटेल, हीना पटेल आदि ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वे साल्हेवारपारा, तिरंगा चौक सार्वजनिक शौचालय के पास रहते हैं। मोहल्ले में लगाए जा रहे मोबाइल टावर से उन्हें आपत्ति है। उक्त टावर के लिए निगम ने कोई सर्वे किया है और न ही आसपास के निवासियों से सहमति ली है। यह जनहित के विरूद्ध है। उन्होंने कहा है कि जहां पर टावर लगाया जा रहा है। वह चारों ओर आवासीय मकानों से घिरा हुआ है। आसपास सघन और स्लम बस्ती है। ऐसे स्थान पर टावर की स्थापना से उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं जीवनशैली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

वार्डवासियों ने बताया कि पूर्व में नगर निगम तथा कलेक्टोरेट में मोहल्लेवासियों ने इसकी शिकायत की थी। पार्षद एवं सामाजिक संगठनों ने भी इसका विरोध किया है। मामले की गंभीरता पर विचार करते हुए लोगों के स्वास्थ्य और जीवनशैली की रक्षा के लिए न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।



### डेढ़ लाख रूपए के लिए जिंदगी डाल रहे खतरे में

वार्डवासियों ने बताया कि उक्त टावर निजी जमीन पर लगाया जा रहा है। फिलहाल इसके लिए नींव बनाने की तैयारी हो रही है। इसकी शिकायत निगम आयुक्त से करने पर वह कहती हैं कि निजी जमीन वाला अगर लिखित में टावर लगाने से इंकार करता है तो वे टावर कंपनी वालों को उनकी जमा राशि 1.50 लाख रूपए लौटा देंगे। वार्डवासियों का कहना है कि डेढ़ लाख रूपये के लिए अनेक परिवारों का जीवन खतरे में डाला जा रहा है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### पहंदा में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# 113 लोगों के सिकलसेल, बीपी, शुगर की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड







ग्राम पंचायत पहंदा में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत बेलोरा, भोथा, बोरसी, डाभा, झाझरकेरा, लड़ेर, मोहंदी, पाहंदा, राजपुर, सरगी एवं सोनेवारा को शामिल किया गया। पहंदा कलस्टर में कुल 5948 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मांग हेतु 5887 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 61 आवेदन मिले। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। समाधान शिविर में छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, अपर कलेक्टर राम कुमार कृपाल, जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार साहू, जपं पंचायत मगरलोड सदस्य कविता सिन्हा, दुर्गेशनंदनी साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, पूर्व जनपद सदस्य डगेश्वर सोनकर, सरपंच हरिविनायक सिन्हा उपस्थित थे। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया।

जनपद पंचायत मगरलोड के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा शाखा) द्वारा 9 हितग्राहियों को जॉब कार्ड , पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (आवास शाखा) द्वारा 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी दी गई। 3 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड दिया गया। 31 हितग्राहियों की पेंशन स्वीकृति का आदेश दिया गया। 5 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 3 हितग्राहियों को मछली जाल का वितरण किया गया। 113 लोगों के सिकलसेल, बीपी, शुगर, सर्दी, बुखार एवं कमजोरी जांची गई। 5 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड, 10 हितग्राहियों को मृदा संरक्षण कार्ड का वितरण किया गया। 7 लाभार्थियों को गोदभराई किट दिया गया। तीन का अन्न प्राशन किया गया। 3 लाभार्थी को कुपोषित गंभीर किट,19 हितग्राहियों को बी-1 एवं 4 हितग्राही को स्वामित्व योजना अधिकार एवं 6 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया।

# समाधान शिविर में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत

- टू व्हीलर 350 और फोर व्हीलर के लिए 500 रूपए लिए, अधिकारियों ने रसीद भी नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



पहंदा समाधान शिविर में आरटीओ विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर अवैध वसूली करने की शिकायत आई है। लोगों ने काफी हाय तौबा मचाया । लोगों ने बताया कि समाधान शिविर में टू व्हीलर लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक पैसा वसूला गया। विभाग के प्रतिनिधियों ने दोपहिया, चारपहिया के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन के साथ डॉक्यूमेंट पेपर दिए। वहां बैठे विभागीय अधिकारियों ने टू व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 350 और फोर व्हीलर ड्राइविंग लाइसेंस लर्निंग के लिए 500 रूपए की वसूली की। मजे की बात यह है कि वहां बैठे अधिकारियों से रसीद की मांग करने पर भी पावती नहीं दे पाए। विरोध करने के बाद भी परिवहन विभाग का आदेश बताकर अवैध वसूली करते रहे। शासन द्वारा दोपहिया वाहन के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 205 रुपए निर्धारित है। शिविर में 350 रुपये ले रहे थे। चारपहिया वाहन लर्निंग लाइसेंस के लिए शासन द्वारा 355 रुपये निर्धारित है लेकिन 500 की वसूली की गई। समाधान शिविर में पहुंचे डिगेश्वर साहू व नीलकंठ यादव ने बताया कि शिविर में लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए उनसे 500-500 रुपये लिए हैं। पावती मांगने पर भी नहीं दिया। परिवहन विभाग के प्रभारी अधिकारी बनकर आए युवराज साहू आरटीओ बाबू ने इसे परिवहन विभाग का आदेश बताकर टालमटोल करते रहे। उन्होंने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इससे लोगों में आक्रोश रहा।

# बीएससी भाग तीन में राजेश्वरी प्रथम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव







स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव के सत्र 2024-25 बीएससी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बीएससी भाग दो 94 प्रतिशत, बीएससी भाग तीन का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। बीएससी भाग तीन में राजेश्वरी यादव 76 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, मोनिका साहू 72 प्रतिशत द्वितीय, काजल साहू 69 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहा। बीएससी अंतिम में 9 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 4 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. सी.आर.यदु, प्राध्यापकगण पुष्पा दर्रो, दीप्ति आदिले, आरआर डिगरे, लीना बैस, तारिणी साहू, अनिल जांगड़े, पृथ्वीराज साहू, तेजराम साहू, रितुराज साहू, ठकेश साहू, लोकनाथ बैस, वालेन्दु सिंह राजपूत ने उत्तीर्ण सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# खेती-किसानी के कार्य में आधुनिकता को अपनाएं : सार्वा

- जिपं अध्यक्ष ने बेलरगांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ प्रतिदिन 4-5 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा। वैज्ञानिक दल लगभग डेढ़ हजार से अधिक किसानों के साथ सीधा संवाद करेगा। उन्नत तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, किसानों को मृदा स्वस्थ्य कार्ड में सुझायी गयी विभिन्न फसलों में संतुलित खाद के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित, कृषि-ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन केवीके, आईसीएआर संस्थान और इफको, कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग पर प्रदर्शन किसानों के बीच जागरूक पैदा करने के लिए आई.सी.टी. का उपयोग, धान की सीधी बुवाई (डी.एस.आर), सोयाबीन की फसल में मशीनीकरण जैसी अन्य उन्नत फसल तकनीकों का प्रसार, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज उर्वरक दिलाये जाने के संबंध में चर्चा की जायेगी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि इस अभियान में किसान शामिल होकर खेती-किसानी के कार्य में आधुनिकता को अपनाएं और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अमर सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, गरिमा नेताम, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, कमल डागा, मंडल अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी, अमरसिंह पटेल, राकेश चौबे, सतीश बबलू साहू, जनपद सदस्य हनीफ खान, विकासखंड कृषि अधिकारी श्री ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# श्रद्धांजलि योजना की राशि दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम चिंवरी निवासी तारण तारक के निधन पश्चात उनके परिवार को श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत दो हजार रुपए की राशि प्रदान की गई।

मौके पर सरपंच संजीत कुमार साहू, उपसरपंच भोलाराम साहू, अशोक कुमार साहू, गगनदीप साहू, मोती निषाद, रामदेव साहू, संजय साहू, संतोष वर्मा, गोवर्धन साहू, देवेंद्र साहू, हीरा बाई, सीमा साहू, चनद्रिका यादव, अनीता मानिकपुरी, बिंदु साहू, परमिला साहू, ममता साहू, मेनका ध्रुव, देवबती साहू, नंदनी तारक, सुशीला बाई, सचिव उपेंद्र साहू, पनारद साहू, मल्लूराम यादव, नंदकुमार साहू, टिकेश साहू, बंटी यादव मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई की जयंती पर जनकल्याण कार्यों को किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



जनपद पंचायत मगरलोड के सभागार में पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी (300वीं) जन्म जयंती कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष विरेन्द्र साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।

श्री साहू ने अपने वक्तव्य में अहिल्याबाई होल्कर के अद्वितीय जीवन, प्रशासनिक कुशलता एवं जनकल्याणकारी कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि वे नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में धर्म, शिक्षा, समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह आज भी प्रेरणा स्रोत है। जनपद अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया, चाहे वह मंदिरों का पुनर्निर्माण हो, कुएं और तालाब बनवाना हो या फिर गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करना। उन्होंने हमेशा मानवता की सेवा को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने भी अहिल्याबाई के योगदान पर प्रकाश डाला और उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत भाषणों ने आयोजन को गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम में जनपदसभापति राजेश साहू, श्रीमती तिलोत्मा साहू, श्रीमती सरिता कश्यप, श्रीमती यमुना साहू श्रीमती हेमलता ध्रुव, श्रीमती डुगेशवरी साहू, पंचायत प्रतिनिधि, श्रीमती राखी साहू सरपंच संघ अध्यक्ष श्रीमती सीता बाई साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या ठाकुर, पंचायत इंस्पेक्टर दीपक भीमगज, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अरौद में उचित मूल्य की दुकान का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



ग्राम पंचायत अरौद में भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू सरपंच पेखन साहू के अध्यक्षता तथा जिपं सदस्य मीना डेमू साहू, जनपद सदस्य नंदनी रेखराम साहू विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ । अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना पश्चात भूमि खोदकर भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर उपसरपंच गीता साहू, पचों में लालेश्वरी साहू, आत्माराम साहू, झामिन साहू, डामिन, बिंदेश्वरी साहू, टिकेश साहू, प्रदीप साहू, गुलाब साहू, दुर्गा सेन, सचिव माहेश्वरी ध्रुव, रोजगार सहायक मेनका साहू, पूर्व मेघा सोसायटी अध्यक्ष रिखीराम साहू, वीरेंद्र साहू, महेंद्र साहू, विशेश्वर साहू, राधेश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, पतराम साहू, खेमू साहू, ग्रेवरचंद साहू, रवि साहू, धनेश्वर साहू, शैलेंद्र साहू, टिकेश्वर यादव, टीकम यादव सहित ग्रामीणजन

## निधन

### ओमप्रकाश साहू

डांडेसरा(धमतरी)। ग्राम भानपुरी निवासी ओमप्रकाश साहू (52) वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया । वे वैद्यपारा नगर पंचायत आमदी के पूर्व उपाध्यक्ष तेजराम साहू, कुलेश्वर साहू शिक्षक, धनेश साहू, तामेश्वर साहू के भाई एवं मनराखन लाल साहू के पुत्र तथा पूनमचंद एवं चेतन साहू के पिता थे। स्थानीय शांति घाट में सामाजिक रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया।



Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201





॥ जय देवांगन ॥
॥ जय मां परमेश्वरी ॥
॥ जय महाजन ॥
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीतः प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग. (पंजीयन क्र. 2338)

**खबर संक्षेप**

## बिरेतरा के सामाजिक नियम की पूरे जिले में हो रही सराहना : राजेंद्र साहू



**धमतरी।** जिला साहू संघ धमतरी के निर्देशानुसार पूरे जिला में मृत्युभोज में कलेवा प्रतिबंध है जिसका परिपालन डोमा परिक्षेत्र के ग्राम बिरेतरा साहू समाज पूर्ण रूप से पालन करता है। साथ ही एक अनोखी पहल भी बिरेतरा के ग्रामीण साहू समाज द्वारा किया गया है। राजेंद्र साहू महामंत्री जिला साहू संघ धमतरी युवा प्रकोष्ठ ने बताया कि जिस किसी भी परिवार में किसी सदस्य कि मृत्यु हो जाती है उसके परिवार वालों को प्रत्येक घर से 20/- अंशदान लेकर टोटल 4000/- रुपये ग्रामीण साहू समाज के द्वारा उस शोकाकुल परिवार को संवेदना राशि के रूप में कार्यक्रम हेतु सहयोग प्रदान किया जाता है जो निरंतर पिछले 5 साल से जारी है। साथ ही जिस परिवार में नवजात शिशु का जन्म होता है उस शिशु व दाम्पत्य वर वधु को भी घर जाकर आशीर्वाद स्वरूप 50/- व पुष्प भेट कर आशीर्वाद प्रदान किया जाता है। उनके कार्यों की सभी परिक्षेत्र व तहसील तथा जिला के द्वारा सराहना की जा रही है।

### कातलबोड़ में आयोजित निःशुल्क शैक्षणिक शिविर में कलेक्टर पहुंचे

# बच्चों की पढ़ाई में निवेश करना सबसे लाभप्रद है : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

बच्चों की पढ़ाई में जितना निवेश करेंगे आप भविष्य में उतने ही अधिक लाभ में रहेंगे। पालक का कर्तव्य बच्चों को सही दिशा एवं ऊंचे इंस्टिट्यूट में स्थान दिलाना है और जो बच्चा जितनी बड़ी संस्था में अध्ययन करेगा उसका व्यक्तित्व विकास उतना ही अधिक होगा। उक्त उद्गार जिलाधीश अबिनाश मिश्रा ने दिया।

साहू समाज बानगर परिक्षेत्र द्वारा कर्मचारी प्रकोष्ठ के निर्देशन में 9 मई से 1 जून तक आयोजित निःशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर ग्राम कातलबोड़ में बच्चों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जो जितना संघर्ष करता है वह उतना ही अधिक सीख पाता है और उसका अनुभव गहरा और सफलतम होता है। बड़ी उपलब्धि के लिए बच्चे मोबाइल की लत से दूर रहें और बड़ा लक्ष्य बनाकर चलें। अपनी सफलता के लिए रणनीति स्वयं बनाएं। दूसरों की रणनीति आपके लिए उचित हो यह आवश्यक नहीं है।

इस अवसर पर एसडीएम कुरूद नवकुमार कोसले, प्रेमचंद साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, तोरण साहू जिला साहू समाज उपाध्यक्ष, सरपंच मिलन साहू, विकास कुमार साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, तेजन साहू पूर्व सरपंच सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारीगण एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।



### 1 जून को पहुंचेंगे तहसीलदार, डीईओ व सीईओ

उल्लेखनीय है कि विगत दो वर्षों से संचालित इस शिविर में प्रतियोगी परीक्षाओं पर मार्गदर्शन, संगीत क्लास, प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कठिन विषयों का अध्यापन के साथ-साथ नैतिक शिक्षा एवं कैरियर गाइडेंस हेतु जिले के शीर्षतम अधिकारीयो एवं विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। जिसमे पुलिस अधीक्षक, एसडीम कुरूद विद्यार्थियों को करियर टिप्स दे चुके है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालक अधिकारी रोमा श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी टी आर जगदाले, तहसीलदार कुरूद दुर्गा साहू भी 1 जून को होने वाले समापन समारोह में उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं पालकों को शैक्षिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### शैक्षणिक युवा एप से जुड़ने का किया आह्वान

कलेक्टर ने बताया कि उच्च शिक्षा हेतु अध्ययन करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए जिला धमतरी के कातलबोड़ जैसे कुछ विशेष ग्रामों में पुस्तकालय हेतु संसाधन उपलब्ध कराने हेतु योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा तथा 12वीं उत्तीर्ण आर्थिक स्थिति से कमजोर प्रतिभाशाली बालिकाओं को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सौजन्य से 40000 स्कॉलरशिप दिलाया जाएगा। उन्होंने 12वीं उत्तीर्ण बच्चों को व्हाट्सएप के शैक्षणिक युवा एप में जुड़ने का आह्वान किया।

# सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एमएमआई नारायणा का ब्रांच धमतरी में खुला

**हार्ट, पेट, लीवर, कैंसर, यूरीन, सिर, आंख, कान, गला रोग के विशेषज्ञ निरंतर सेवा देंगे**

**बिजेनस साइट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



रायपुर राजधानी स्थित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एमएमआई नारायणा का ब्रांच धमतरी में जिला अस्पताल के सामने गांधी मेडिकल के पास शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अतिथि दीपक लखोटिया सर्व समाज अध्यक्ष, राजेश साहू मेडिकल एसो. धमतरी अध्यक्ष, सरिता दीदी ब्रम्हाकुमारी संस्थान धमतरी संचालिका ने फीता काटकर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया।

मौके पर हॉस्पिटल की ओर से डॉ. देवव्रत हिशीकर, डॉ. अखिलेश साहू, डॉ. संतोष सोनकर, ब्रांच मैनेजमेंट प्रमुख रवि भगत एवं समस्त स्टाफ व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शुभारंभ के बाद सभी नागरिकों के ब्लडप्रेशर, शुगर की जांच की गई। हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेड रवि भगत ने मीडिया को बताया कि एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में विगत 25 वर्षों से सेवारत है। हॉस्पिटल की नेटवर्थ की बात करें तो उत्कृष्ट सेवाओं के कारण देश में 18 अस्पताल, 4 हार्ट सेंटर व 14 शहरों में सेवाएं होने के साथ 21 क्लिनिक के माध्यम से 110 से अधिक बीमारियों का सफल इलाज किया जा रहा है। इसी कड़ी में भी धमतरी में ब्रांच खोलकर विशेषज्ञों की सेवाएं आम नागरिकों के लिए समर्पित की जा रही हैं ताकि कम खर्च, कम समय में लोगों का अच्छा इलाज हो सके और 24 घंटे विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता शहर में सुनिश्चत हो सके।

श्री भगत ने उपलब्ध सेवाओं के संबंध में बताया कि डॉ. सुनील गौनियाल हृदय रोग विशेषज्ञ माह के तीसरे रविवार को सुबह 10 से 1 बजे तक, डॉ. अभिषेक जैन पेट, लीवर, आंत रोग विशेषज्ञ तीसरे रविवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक, डॉ. वेरोनिका यूएल स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक, डॉ. वरूण शर्मा मूत्र रोग विशेषज्ञ तीसरे बुधवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक, डॉ. पंकज पटेल अस्थि रोग विशेषज्ञ प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक, डॉ. देवव्रत हिशीकर कैंसर रोग विषेशज्ञ दूसरे रविवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक, डॉ. गौरव जोशी पेट लीवर, आंत, शल्य रोग विशेषज्ञ प्रथम गुरूवार एवं तीसरे रविवार को सुबह 10 से 1 बजे तक, डॉ. घनश्याम ससापारधी मस्तिष्क शल्य विशेषज्ञ (न्यूरो सर्जन) दूसरे रविवार को सुबह 10 से 1 बजे तक, डॉ. सोनल व्यास नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रथम एवं तीसरे बुधवार को सुबह 10 से 1 बजे, डॉ. अदिति शुक्ला कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ प्रथम एवं तीसरे बुधवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक, डॉ. आकांक्षा चिखलीकर स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ प्रथम एवं तीसरे बुधवार को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे।

शुभारंभ के बाद अतिथिगण दीपक लखोटिया, राजेश साहू, सरिता दीदी ने कहा कि यह अस्पताल उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है, जहां से मरीज स्वस्थ होकर लौटते हैं। इस हॉस्पिटल की सेवाएं अब अंचलवासियों को मिलेगी। कम समय और कम खर्च में विषेज्ञ डॉक्टर नागरिकों को सलाह देने 24 घंटे उपलब्ध हो रहे, यह प्रशंसनीय है। धमतरी के लिए यह नया आयाम साबित होगा। हॉस्पिटल द्वारा सभी सुविधाएं देने का प्रयास सराहनीय है। आग्रह करते हैं कि यह सेवा निरंतर बनी रहे।

मौके पर गोविंद गांधी, गोपाल गांधी, सभापति कौशिल्या देवांगन, कैलाश कुकरेजा, राजा रोहरा, दिलीप बड़जात्या, इंदू हिन्दूजा सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रही जिनका हॉस्पिटल द्वारा फ्री चेकअप किया गया।

# महाराणा प्रताप की वीरता और त्याग हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे : परिहार





जयंती पर निकली शोभायात्रा, घड़ी चौक में हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महाराणा प्रताप जयंती पर पूरे शान शौकत से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महाराणा प्रताप का वेश धरे युवा आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर उनके शौर्य को नमन किया। गौरतलब है कि राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसका शुभारंभ घड़ी चौक में महाराणा प्रताप के छायाचित्र की महाआरती से हुआ। पश्चात बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। समाज के युवा महाराणा प्रताप के संदेश को जन-जन तक पहुंचाते नजर आये। शोभायात्रा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का वेश धरे युवा आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत कर महाराणा प्रताप जयंती की खुशियां बांटी। शोभायात्रा गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, कचहरी चौक, तहसील कार्यालय होते हुए इतवारी बाजार स्थित एक भवन में संपन्न हुई। जहां मंचीय सहित अन्य विविध कार्यक्रम हुए। राजपूत क्षत्रिय महासभा के राजेश सिंह परिहार ने बताया कि महाराणा प्रताप की वीरता और त्याग हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। मौके पर महासभा अध्यक्ष गजानंद सिंह ठाकुर, सचिव जगमोहन सिंह ठाकुर, ओंकार सिंह राजपूत, हेमंत सिंह ठाकुर, चेतन सिंह ठाकुर, दुर्गेश सिंह परिहार, शिवकुमार ठाकुर, सुधीर परिहार, विनोद सिंह, आयुष परिहार, अभिषेक सिंह ठाकुर, राणा राजपुत, पुष्पा ठाकुर, मीना ठाकुर, रेखा परिहार, रागिनी ठाकुर, शशि ठाकुर, ममता ठाकुर सहित समाज के लोग मौजूद थे।

### भवन उन्नयन के लिए 10 लाख की घोषणा

शाम को मंचीय कार्यक्रम महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन में हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उद्बोधन में इन्होंने समाज के इतिहास में महाराणा प्रताप के शौर्य को याद किया। अध्यक्षता उपसमिति के अध्यक्ष राजेश परिहार ने की। विशिष्ट अतिथि यदुनंदन सिंह थे। सचिव गजानन्द सिंह ने समाज का प्रतिवेदन वाचन किया साथ ही नगर पालिक निगम द्वारा महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन के संचालन की जानकारी देते हुए इसके उन्नयन की आवश्यकता से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने भवन उन्नयन के लिए 10 लाख की घोषणा की। इस दौरान हेमंत सिंह, राकेश परिहार, हनुमान सिंह वर्मा, श्रीमती पुष्पा ठाकुर महिला अध्यक्ष, श्रीमती कामिनी कौशिक, छबि सिंह, गजेन्द्र सिंह, निकेश्वर सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ममता ठाकुर ने किया।

### अमलीडीह में शनिदेव जयंती मनी

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति द्वारा शनि देव की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में पूजा, यज्ञ हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया पश्चात खिचड़ी, खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच नोमिन माधव साहू, उपसरपंच टाटेश्वर साहू, मोनू साहू, मंदिर पुजारी सतवन साहू, राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष इंद्रजीत साहू का सहयोग रहा।

# आरती को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कुरुद की शिक्षिका श्रीमती आरती शर्मा प्राध्यापक को जीवविज्ञान के क्षेत्र में समर्पित, उत्कृष्ट एवं सक्रिय नवाचारी कार्य करने के लिए नवाचारी शिक्षा रत्न से मुख्य अतिथि जेपी रथ अपर संचालक एससीईआरटी रायपुर एवं बी. रघु सहायक संचालक ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान नेप 2020 अंतर्गत बच्चों में नवाचारी शिक्षण के लिए दिया गया। शिक्षिका शर्मा ने बताया कि उनकी शाला में नवाचारी गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम निर्माण एवं उपयोग, नेप 2020 शिक्षण, डिजिटल शिक्षा एवं उपयोग, भौतिक रखरखाव एवं सुरक्षा, मल्टीमीडिया का उपयोग एवं सुरक्षा सहित कई गतिविधियां संचालित हैं। उन्हें सम्मान मिलने पर स्कूल के शिक्षकगण, प्राचार्य, बीईओ, डीईओ आदि ने हर्ष जताया है।

## पार्षद हिमानी ने सुनी वार्डवासियों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती हिमानी भागवत साहू ने नगर निगम में वार्डवासियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को वार्डवासियों की समस्याओं का जल्द निराकरण करने का आदेश दिया।

# आवासीय खेल अकादमी के लिए हनी का चयन



**धमतरी।** संचानालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज और उनके कौशल को निखारने के उद्देश्य से आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है जिसमें चयनित खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय कोचिंग, फिटनेस प्रशिक्षण, आहार योजना, मानसिक परामर्श और प्रतियोगिताओं में भागीदारी का समुचित अवसर प्रदान किया जाएगा। 21 से 23 अप्रैल व 25 से 27 अप्रैल को दो चरणों में स्वामी विवेकानन्द स्टेडियम कोटा में आयोजित चयन प्रक्रिया में राज्य व जिलास्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया। धमतरी जिले के कुल 24 खिलाड़ी ट्रायल में सम्मिलित हुए। इनमें सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल की प्रतिभावान खिलाड़ी हनी दुलानी का फुटबॉल में चयन हुआ है। जिला खेल अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी पीयूष तिवारी ने बताया कि यह आवासीय प्रशिक्षण रायपुर में होगा और खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री आदि निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इस उपलब्धि पर सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती तारा सिन्हा एवं डायरेक्टर टीआर सिन्हा समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# विरेंद्र को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ पुणे द्वारा 21 वां रंग महोत्सव आयोजित किया गया। ग्रुप ड्रामा गगन दमामा बाजयो ने बेहतरीन प्रकाश संयोजन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एकल अभिनय सोलो एक्टिंग यूथ वर्ग में विरेंद्र कुमार कुंजाम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और थाईलैंड ड्रामा के लिए जगह क्वालीफाई किी। इस उपलब्धि पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी प्रीति दुर्गम, तहसीलदार कुकरेल ख्याति कंवर, तेजपाल ध्रुव, कुसुम प्रधान, राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती, संजय सोनी, मनीष ध्रुव, पटवारी डोमन प्रकाश बंजारे, द्विजराम, दीपक मरकाम, योगेन्द्र श्रीमाली, लक्ष्मी धनेशकर, गोविंद, ऋषि कपूर गंगेले, कुशल कुंजाम, झंकार शर्मा, ज्योति यादव, सोहन, लीना, प्रवीण नेताम, कोटवार, सुदर्शन, भुनेश, सुरेश, ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने हर्ष जताया है।

# महानदी को संवारने किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा शुरू हुए मां अभियान के तहत महानदी को संवारा जा रहा है। ग्रामीण भी सिहावा में हो रहे विकास को लेकर अत्यधिक उत्साहित है। सभी ने महानदी को संवारने के लिए अपना श्रमदान किया। उन्होंने महानदी के आसपास सफाई की सिहावा सरपंच उषा नाग ने कहा कि कलेक्टर की इस कल्याणकारी योजना से ग्रामीण उत्साहित हैं। हमारी पंचायत का विकास होगा। मौके पर उपसरपंच सुनील सिंहसार, पंच पायल पटेल, तिलेश्वरी पटेल, संध्या मानिकपुरी, लोकेश्वर पटेल, फैजल खान, चुड़ामणि ध्रुव, त्रिलोक ध्रुव, अशोक निषाद, सुरेन्द्र निषाद, दुलेश्वर पटेल, गुलाब निषाद, भुनेश्वर पटेल, देवेश पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार : विधायक आज 8 करोड़ 30 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-शिलान्यास





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ सुशासन समाधान तिहार के समापन अवसर पर कुरुद नगर के विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित एवं पूर्ण हो चुके 8 करोड़ 30 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत कुरुद अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर करेंगी।

आज 11 बजे कुरुद नगर पंचायत अंतर्गत मंगल भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों, नगर के टॉपर बच्चों, पर्यावरण मित्रों, स्वच्छता दीदियों, पेंशन हितग्राहियों का सम्मान कार्यक्रम के साथ ही नए बाजार में बिजनेस कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य वार्ड क्रं. 757 लाख, वार्ड क्रं. 3 में धोबनी तालाब के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 11.49 लाख, आरसीसी नाली निर्माण कार्य यादव होटल से तहसील रोड से सुपर मार्केट रोड तक वार्ड क 10,11 में 16.59 लाख, सीसी सड़क निर्माण कार्य एनएच रोड से तामेश्वर साहूकार घर तक वार्ड क्र. 15 में 13.18 लाख, सीसी सड़क निर्माण कार्य सुलोचना राजपूत से गुलनार बी घर से इस्माइल खान तक वार्ड क्रमांक 10 में 6.18 लाख, सीसी सड़क निर्माण कार्य नारायण किराना स्टोर्स से कमल घर तक वार्ड संख्या 02 में 11.13 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य संजय नगर स्कूल से भोई घर तक वार्ड संख्या 14 में 7.08 लाख, रिटर्न वाल निर्माण कार्य केसीपीएस रोड से केनाल रोड तक वार्ड 15, वार्ड 11 पचरीतालाब में पचरी निर्माण कार्य, वार्ड 14 संजय नगर प्लाजा के पास सार्वजनिक शौचालय, वार्ड 12 खेल के मैदान शौचालय जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड 11 तहसील रोड के सामने सार्वजनिक शौचालय जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड 12 तहसील कार्यालय के सामने सार्वजनिक शौचालय जीर्णोद्धार कार्य। सीसी रोड निर्माण कार्य प्रकाश साहू घर से बीटी रोड वार्ड 5 तक, पचरी निर्माण कार्य मातापुरैना तालाब वार्ड 4, वार्ड क. 8 रामसागर तालाब के पास सार्वजनिक शौचालय जीर्णोद्धार कार्य वार्ड 5 जलसन तालाब के पास सार्वजनिक शौचालय जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड 11 में सुपर मार्केट के पास सार्वजनिक शौचालय जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड क्रमांक 14 में वीर सावरकर उद्यान में सार्वजनिक शौचालय जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड 10 वृंदावन झील के पास सार्वजनिक शौचालय जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड 15 नया बस स्टैंड के पास सार्वजनिक शौचालय जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड क्रं. 8 नए तालाब पार में सोलर भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रं 6 नाली निर्माण कार्य पवन चंद्राकर से छोटी नहर तक, ऑक्टेगल स्ट्रीट पोल एवं एलईडी लेट स्थापना कार्य, जेडी कॉलोनी से फिल्टर प्लांट से केसी पी.एस. स्कूल से केनाल रोड वार्ड 15, ऑक्टेगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाइट स्थापना कार्य, एनएच रोड अटल विजय गेट से वीरनारायण सिंह शॉक, ऑक्टेगल स्ट्रीट पोल एवं एलईडी लेट इंस्टालेशन कार्य, कृष्णा राइस मिल से प्रतीक राइस मिल से एक्सट्रिम्यूडी रोड तक वार्ड क्रं 1. ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एलईडी लेट स्थापना कार्य, धर्मकांटा से साईं राइस मिल तक, वार्ड क्रं में 1. सीसी रोड निर्माण कार्य धनु सिन्हा एवं लक्ष्मी साहू एवं नम्मू यादव से परमानंद ध्रुव घर तक वार्ड 10, सीसी रोड निर्माण कार्य देवा साहू घर से मनोहर साहू घर तक वार्ड 15, वार्ड 14 अंकलहु निर्मलकर घर से टीटी दुखी राम भंडारी घर तक रोड निर्माण कार्य, बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य केनाल रोड से लैंड बिल्डिंग वार्ड 15. सीसी रोड निर्माण कार्य कैनाल से शिव मंदिर तक वार्ड 15.सी.सी. सड़क निर्माण कार्य शिव मंदिर से कन्हारपुरी रोड तक वार्ड 15. सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एनएच रोड से शिव मंदिर से केनाल रोड तक वार्ड 15. ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एलईडी लेट स्थापना कार्य, एनएच रोड काली माता मंदिर से कॉलेज रोड से केनाल रोड से चर्रा रोड (डोनो सैड), वार्ड क्रं. 15,13,12 एवं 8 खेल मैदान में आपटेगोनल सड़क विद्युत पोल स्थापना कार्य का लोकार्पण-शिलान्यास किया जाएगा।




डिंपल्स
कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज